RAF SECTOR

NEWS CLIP

27/09/2023

SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Bandhan Kesari, Panipat, (Haryana)

आरएएफ ने पानीपत शहरवासियों को दिया भयमुक्त एवं पुख्ता सुरक्षा वातावरण का भरोसा, निकाला फ्लैग

मीडिया खतरों का खिलाड़ी/अनीश कौशिक

पानीपत।194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के द्वारा सुनील कुमार (उप कमाण्डेंट) के नेतृत्व में परिचित अभ्यास के क्रम में चौथे दिन पुलिस थाना सैक्टर 13/17, तहसील कैम्प व थाना सदर के थाना प्रभारी से मुलाकात की और थाना क्षेत्रों के संबंध में विभिन्न अहम जानकारियां हासिल की। इसके साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स की टीम और पुलिस ने साथ मिलकर थाना तहसील कैम्प, थाना सदर व थाना सेक्टर 13/17 के अंतर्गत अंसल सिटी, 13/17 चौराहा, यमुना एनकलेव, जीटी रोड, बरसत रोड, भैसवाल मोड, बबौल, बराना, पल्हेडी, गढ़ सरनाइ क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान थाना क्षेत्र के संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया व थाना क्षेत्र के बारे में पूर्ण जानकारी हासिल की गई। इलाके के वरिष्ठ नागरिकों/समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों से मेल मिलाप कर पूर्व में घटित हुए दंगो व अन्य गतिविधियों के बारे में

विस्तार से जानकारी हासिल की। इसके अलावा आमजन से भविष्य में संभावित दंगों के बारे में व अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी हासिल की। सुनील कुमार (उप कमाण्डेंट) ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बनाए रखना, जनता में वर्दी के प्रति विश्वास बढ़ाना व जनता को भयमुक्त करने के साथ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, लोगों का मनोबल बढ़ाने एवं क्षेत्र में नागरिकों को कर्तव्यों को निर्वाह करने के लिए प्रेरित करना है। इस अभ्यास के दौरान 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के निरीक्षक छविराम यादव, निरीक्षक धनराज यादव,निरीक्षक रणसिंह यादव,निरीक्षक देवकरन मीना, निरीक्षक योगेन्द्र बसीठा, पुलिस थाना सेक्टर 13/17 थाना प्रभारी निरीक्षक जगजीत सिंह, तहसील कैम्प थाना प्रभारी निरीक्षक फुल कुमार व सदर थाना प्रभारी निरीक्षक रामनिवास व 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के जवान तथा थाने की पुलिस की टीमों ने भाग लिया।

Dainik Jagran, Panipat, (Haryana)

परिचित अभ्यास के लिए पहुंची प्लाटून, शहर में फ्लैग मार्च

करनाल में मार्च करते रैपिड एक्शन फोर्स की प्लाटून के सदस्य। ● जागरण।

करनाल : रैपिड एक्शन फोर्स की 194 बटालियन के सहायक कमांडेंट भीम सिंह मीणा के नेतृत्व में रैपिड एक्शन फोर्स की एक प्लाटून परिचित अभ्यास के लिए करनाल पहुंची। प्लाटून के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन से मुलाकात की। इस दौरान करनाल की भौगोलिक स्थिति तथा यहां स्थापित महत्वपूर्ण संस्थाओं के बारे में चर्चा की गई। साथ ही परिचित अभ्यास के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी सांझा की गई। सहायक कमांडेंट ने बताया कि प्लाटून सदस्य 26 सितंबर से दो अक्टूबर तक की अवधि में जिले के विभिन्न थानों के संबंधित क्षेत्रों में परिचित अभ्यास करेंगे। इसी क्रम में थाना शहर के प्रभारी निरीक्षक ललित कुमार व थाना सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह से भी सदस्यों ने मुलाकात की। इसी क्रम में थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत फ्लैग मार्च किया और अन्य जानकारी हासिल की। इस मौके पर निरीक्षक परजा राम, निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, निरीक्षक सनीश, निरीक्षक महिपाल आदि मौजूद रहे। (**जासं**)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।